दैनिक भास्कर 18.09.2022

# कॉलेजों में अभी भी सीटें खाली छात्र नहीं जा रहे एडमिशन लेने

## 144 कॉलेजों में 7 हजार से ज्यादा सीटों पर प्रवेश बाकी

एजुकेशन रिपोर्टर | रायपुर

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की ओर से कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने के बाद खाली सीटों पर एडमिशन के लिए कॉलेजों में पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर प्रवेश दिए जा रहे हैं। लेकिन छात्र अब कॉलेजों में एडमिशन लेने दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। विवि से संबध्दता प्राप्त 144 कॉलेजों में अभी भी 7000 से ज्यादा सीटें खाली हैं। इन सीटों पर 20 सितंबर तक प्रवेश लिए जा सकते हैं। एडमिशन की प्रक्रिया पूरी तरह से खत्म होने के लिए केवल 3 दिन बाकी हैं। इसके बावजूद छात्र प्रवेश नहीं ले रहे हैं। जानकारों का कहना है कि जिन छात्रों को एडमिशन लेना था उन्होंने ले लिया है। इसलिए अब सीटें भरना मुश्किल है। रविवि के कॉलेजों में सर्टिफिकेट कोर्स का भी संचालन हो रहा है। लेकिन इसमें एडमिशन बेहद कम हुए हैं। आवेदनों की संख्या कम होने की वजह से कॉलेज वाले अतिथि शिक्षकों के साथ ही दूसरे स्टाफ की भर्ती नहीं कर रहे हैं। कॉलेजों में प्रवेश को लेकर विवि ने छात्रों को सुविधा भी दी है कि कोई कॉलेज वहां सीटें खाली होने पर एडमिशन नहीं देता है तो उसकी शिकायत विवि प्रबंधन से की जा सकती है।

## पिछले साल की तुलना में ज्यादा सीटें खाली

विवि से मिली जानकारी के अनुसार पिछले दो साल की तुलना में इस साल कॉलेजों में सीटें ज्यादा खाली रह गई हैं। कोरोना और लॉकडाउन की वजह से कोरोना में ऑनलाइन परीक्षा हुई थी। यही वजह है कि सभी कॉलेजों के छात्रों ने परीक्षा दिलाने के साथ ही कॉलेजों में प्रवेश भी लिया था। पास होने की गारंटी होने की वजह से जिन छात्रों ने पूर्व में पढ़ाई छोड़ दी थी उन्होंने भी भी कॉलेज के दूसरे और तीसरे साल में प्रवेश लेकर पढ़ाई पूरी कर ली।